Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Covid-19 vaccination programme - laid.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): विश्व में सबसे बडे पूर्णत: वैज्ञानिक, सुरक्षित, सुनियोजित व सर्वस्पर्शी टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण का प्रारंभ प्रधानमंत्री मा. मोदी जी ने स्वयं टीका लगवाकर किया है । मा. मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता ने कोविड का मुकाबला सफलतापूर्वक किया है । हम देश पर आये घोर संकट से उभरने जा रहे है । भारत में निर्मित वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी, विश्वसनीय व सुरक्षित है । आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा कोविड वैक्सीन प्रोग्राम चला रहा है, और गर्व की बात यह है कि, भारत सबसे बड़े वैक्सीन प्रोग्राम के साथ ही दुनिया में सबसे तेज गति से अपने नागरिकों का वैक्सीनेशन भी कर रहा है । जैसे कोरोना के खिलाफ भारत की लड़ाई उदाहरण बनी है, वैसे ही हमारा वैक्सीनेशन प्रोग्राम भी दुनिया में एक मिसाल बना है । वैज्ञानिकों, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ एवं इस व्यवस्था से जुडे सभी जनों के प्रति देशवासी कृतज्ञ हैं ।

सभी वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण कितने समय में पूरा कर लिया जायेगा इसकी जानकारी देने का कष्ट करें ।